रजिस्ट्री सं० डी- 222

REGISTERED NO. D-222

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 21] नई दिल्ली, शनिवार, मई 22, 1965 (ज्येष्ठ 1, 1887)
No. 21] NEW DELHI, SATURDAY, MAY 22, 1965 (JYAISTHA 1, 1887)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

नोटिस
NOTICE

नीचे लिखे भारत के असाधारण राजपत्र 10 मई 1965 तक प्रकाशित किए गए थे :—
The undermentioned *Gazettes of India Extraordinary* were published up to the 15th May 1965 :—

अंक (Issue No.)	संख्या और तारीख (No. and Date)	द्वारा जारी किया गया (Issued by)	विषय (Subject)
48	No. 30-ITC(PN)/65, dated 5th May, 1965	Ministry of Commerce.	U.S. AID Programme—Chartering of Ocean Vessels and embargo on certain vessels for transport of AID-financed goods.
49	No. 31-ITC (PN)/65, dated 7th May, 1965.	Ministry of Commerce.	Import of cotton seed oil and/or Soyabean Oil from U.S.A. under the Agricultural Commodities Agreement signed on 30th September, 1964 between the Government of the United States and the Govt. of India under Title 1 of the U.S. Agricultural Trade Development and Assistance Act, as amended (P.L. 480) —Purchase Authorisations No. 39-150 and No. 39-156-OT both dated the 29th March, 1965.
	No. 32-ITC(PN)/65, dated 7th May, 1965.	Ministry of Commerce.	Import of Inedible tallow from U.S.A. under the Agricultural Commodities Agreement signed on 31st December, 1964 between the Govt. of the United States of America and the Govt. of India under Title 1 of the U.S. Agricultural Trade Development and Assistance Act, as amended (P. L. 480)—Purchase Authorisations No. 39-145 and 39-150 O.T. both dated the 18th March, 1965.
50	No. 1/ETC(PN)/65, dated 10th May, 1965.	Ministry of Commerce.	Export of Garments and made-up articles made from handloom fabric commonly known as "Bleeding Madras".

ऊपर लिखे असाधारण राजपत्रों की प्रतियां प्रकाशन प्रबन्धक, सिविल लाइन्स, दिल्ली के नाम मांगपत्र भेजने पर भेज दी जाएंगी। मांग-पत्र प्रबन्धक के पास इन राजपत्रों के जारी होने की तारीख से दस दिन के भीतर पहुंच जाने चाहिएं।

Copies of the *Gazettes Extraordinary* mentioned above will be supplied on Indent to the Manager of Publications, Civil Lines, Delhi. Indents should be submitted so as to reach the Manager within ten days of the date of issue of these Gazettes.

विषय-सूची
CONTENTS

	पृष्ठ Pages
भाग I—खंड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों तथा उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधीतर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं	281
भाग I—खंड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों तथा उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से संबंधित अधिसूचनाएं	387
भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई विधीतर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं	21
भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से संबंधित अधिसूचनाएं	253
भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	—
भाग II—खंड 2—विधेयक और विधेयकों संबंधी प्रवर समितियों की रिपोर्टें	—

	पृष्ठ Pages
भाग II—खंड 3—उप-खंड (i)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा जारी किए गए विधि के अन्तर्गत बनाये और जारी किये गये साधारण नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं) ..	807
भाग II—खंड 3—उप-खंड (ii)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाये और जारी किये गये आदेश और अधिसूचनाएं	1791
भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित विधिक नियम और आदेश	141
भाग III—खंड 1—महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल प्रशासन, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के संलग्न तथा अधीन कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	335
भाग III—खंड 2—एकस्व कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिसें ..	177
भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाएं ..	37
भाग III—खंड 4—विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाए जिसमें अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिसें शामिल हैं ..	2395
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी संस्थाओं के विज्ञापन तथा नोटिसें ..	107
पूरक सं० 21—	
15 मई, 1965 को समाप्त होने वाले सप्ताह की महामारी संबंधी साप्ताहिक रिपोर्ट ..	685
24 अप्रैल, 1965 को समाप्त होने वाले सप्ताह के दौरान भारत में 30,000 तथा उससे अधिक आबादी के शहरों में जन्म, तथा बड़ी बीमारियों से हुई मृत्यु से संबंधित आंकड़े ..	697

	Pages
PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations and Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	281
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave, etc., of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	387
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions, issued by the Ministry of Defence	21
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave, etc., of Officers issued by the Ministry of Defence	253
PART II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Regulations	—
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committees on Bills	—
PART II—SECTION 3.—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules (including orders, bye-laws, etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ...	807
PART II—SECTION 3.—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)	1791
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defence ...	141
PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India	335
PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Office, Calcutta ...	177
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	37
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	2395
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies	107
SUPPLEMENT No. 21—	
Weekly Epidemiological Reports for week-ending 15th May 1965	685
Births and Deaths from Principal diseases in towns with a population of 30,000 and over in India during week-ending 24th April 1965	697

भाग I—खण्ड 1

PART I—SECTION 1

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों तथा उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधीतर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court

---

योजना आयोग

श्रम नीति सम्बन्धी पैनल

नई दिल्ली, दिनांक 11 मई 1965

सं० श्रम और रोज़गार (श्रम) 11-1/64—संकल्प संख्या श्रम और रोज़गार (श्रम) 11-1/64, दिनांक 30 जनवरी 1965 में आंशिक संशोधन करते हुए निम्न नाम श्रम नीति सम्बन्धी पैनल के सदस्यों की सूची में जोड़े जाते हैं :—

सदस्य

1. श्री पी० एम० मेनन,
   सचिव,
   श्रम व रोज़गार मंत्रालय,
   नई दिल्ली-1
2. श्री बी० के० आर० मेनन,
   मण्डी हाउस, नई दिल्ली-1

सदस्य-सचिव

श्री बी० एन० दातार,
प्रमुख, श्रम व रोज़गार,
योजना आयोग, नई दिल्ली-1

के० ए० पी० स्टीवेन्सन, संयुक्त सचिव

सामुदायिक विकास और सहकारिता मंत्रालय

(सामुदायिक विकास विभाग)

संकल्प

नई दिल्ली, दिनांक 13 मई 1965

सं० 30/11/62-प्रशि० 2 (टी० 3)—भारत सरकार, सामुदायिक विकास और सहकारिता मंत्रालय के 13 जून 1962 के संकल्प संख्या 17/14/61-प्रशि० 2, में जो 30 जून 1962 के भारत के राजपत्र, भाग I, खण्ड 1 में प्रकाशित हुआ था और समय-समय पर इसके बारे में जो संशोधन जारी किए गए, आंशिक संशोधन करते हुए, अध्ययन तथा अनुसंधान की राष्ट्रीय परिषद् की अद्यतन संरचना तथा सदस्यता निम्न प्रकार होगी :—

1. अध्यक्ष : सामुदायिक विकास और सहकारिता मंत्री
2. उपाध्यक्ष : सामुदायिक विकास और सहकारिता उपमंत्री
3. सदस्य : —
   (1) श्री डी० बसुमतारी
   (2) श्री ब्रह्म प्रकाश
   (3) श्री जी० रामाचन्द्रन
   (4) श्री एस० एन० द्विवेदी
   (5) श्री दयाल दास कुरे
   (6) श्रीमती टी० लक्ष्मीकांतम्मा
   (7) श्री एच० सी० माथुर
   (8) प्रो० एच० एन० मुकर्जी
   (9) श्रीमती सावित्री निगम
   (10) श्री राजेश्वर पटेल
   (11) प्रो० ए० आर० वादिया
   (12) श्री एम० सत्यनारायण
   (13) श्री राम नारायण चौधरी
   (14) श्री धीरूभाई देसाई
   (15) डा० डी० एनस्मिंगर
   (16) प्रो० बी० एन० गांगुली
   (17) श्री ई० पी० गोपालन
   (18) प्रो० एन० आर० मल्कानी
   (19) श्री एस० एन० मजुमदार
   (20) श्री बी० मुकर्जी
   (21) श्री टी० एस० अविनाशीलिंगम चेटियर
   (22) श्री के० एस० वी० रमण
   (23) श्री एच० सी० लिंगा रेड्डी
   (24) श्री रघुबीर सहाय
   (25) प्रो० एम० एन० श्रीनिवास
   (26) विस्तार आयुक्त, कृषि विभाग,
   खाद्य तथा कृषि मंत्रालय ।
   (27) श्री पी० एम० मथाई, निदेशक,
   औद्योगिक सहकारी समितियां,
   उद्योग विभाग, उद्योग तथा सम्भरण मंत्रालय,
   नई दिल्ली ।
   (28) डा० एन० जंगलवाला, उप-महानिदेशक,
   स्वास्थ्य सेवा, स्वास्थ्य मंत्रालय,
   नई दिल्ली ।
   (29) कर्नल एस० जी० पेंडसे, प्रशिक्षण निदेशक,
   श्रम तथा रोज़गार मंत्रालय (महानिदेशक श्रम तथा रोज़गार), नई दिल्ली ।
   (30) श्री एल० ओ० जोशी, संयुक्त सचिव,
   शिक्षा मंत्रालय,
   नई दिल्ली ।
   (31) श्री एस० सी० सेनगुप्त, संयुक्त सचिव,
   सामाजिक सुरक्षा विभाग,
   नई दिल्ली ।
   (32) श्री एन० वी० वंकटारमण,
   सामुदायिक विकास और सहकारिता मंत्रालय के वित्तीय सलाहकार, वित्त मंत्रालय,
   नई दिल्ली ।
   (33) योजना आयोग के प्रतिनिधि,
   नई दिल्ली ।
   (34) श्री एन० पी० चटर्जी, संयुक्त सचिव,
   सहकारिता विभाग, सामुदायिक विकास और सहकारिता मंत्रालय ।
   (35) प्रधानाचार्य, सामुदायिक विकास का राष्ट्रीय संस्थान,
   राजेन्द्र नगर, हैदराबाद ।

(36) डा० जे० एन० खोसला, निदेशक,
लोक प्रशासन का भारतीय संस्थान,
नई दिल्ली ।

(37) श्री एस० के० दत्ता, निदेशक,
प्रशासन की राष्ट्रीय अकादमी,
मसूरी ।

(38) श्री आर० एल० गुप्त, प्रधानाचार्य,
प्रशासनिक कर्मचारी कालिज,
हैदराबाद ।

(39) श्री वी० एस० मैथ्यूस,
पंचायतीराज आयुक्त तथा सचिव,
सामुदायिक विकास तथा पंचायतीराज विभाग,
उड़ीसा ।

(40) श्री एम० ए० कुरेशी, आयुक्त तथा सचिव,
कृषि उत्पादन तथा ग्राम विकास,
उत्तर प्रदेश ।

(41) श्री एन० अनंतपद्मनाभन, सचिव,
ग्राम विकास तथा स्थानीय प्रशासन विभाग,
मद्रास ।

(42) श्री आर० जी० साल्वी, सचिव,
ग्राम विकास विभाग,
महाराष्ट्र ।

(43) श्री आर० घोष, कृषि तथा सामुदायिक विकास आयुक्त
और पश्चिमी बंगाल सरकार के पदेन सचिव ।

4. सदस्य सचिव : श्री आई० डी० एन० साही, संयुक्त सचिव (प्रशि०), सामुदायिक विकास तथा सहकारिता मंत्रालय, सामुदायिक विकास विभाग, नई दिल्ली ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि संकल्प की प्रतिलिपि सभी सम्बन्धित व्यक्तियों को भेजी जाए ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को भारत सरकार के राजपत्र में आम जानकारी के लिये प्रकाशित किया जाए ।

के० पी० मिश्र, उप-सचिव

वाणिज्य मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 3 मई 1965

सं० 12/29/63-ई० प्रापर—भारत सुरक्षा नियम 1962 के नियम 133-बी के उप-नियम (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करती हुई केन्द्रीय सरकार निदेश देती है कि मि० शू फाइ चीह उर्फ ची फाइ ची, शू शाप, कालिम्पांग की भारत में समस्त चल तथा अचल सम्पत्ति जो कि उनकी है या जिसका प्रबन्ध उनकी ओर से किया जाता है और जो कि भारत सरकार के भूतपूर्व उद्योग तथा वाणिज्य मन्त्रालय की अधिसूचना संख्या 12/29/63-ई० प्रापर०, दिनांक 17-7-1963 के अनुसार भारत शत्रु सम्पत्ति परिरक्षक के अधिकार में आ गई थी, अब उनके अधिकार में नहीं रहेगी और मि० शू फाई चीह उर्फ ची फाइ ची के अधिकार में पुनः चली जायगी ।

दिनांक 10 मई 1965

सं० 12/28/63-ई० प्रापर०—भारत रक्षा नियम 1962 के नियम 133-बी के उप-नियम (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करती हुई भारत सरकार निदेश देती है कि श्री चुंग ते फांग, शू शाप, कालिम्पांग की भारत में जो चल तथा अचल सम्पत्ति है, अथवा जो उनके पास है अथवा उनके द्वारा जिसका प्रबन्ध किया जाता है और जो भारत के शत्रु सम्पत्ति संरक्षक के संरक्षण में भारत सरकार के भूतपूर्व वाणिज्य और उद्योग मन्त्रालय की अधिसूचना सं० 12/28/63-ई० प्रापर०, दिनांक 17 जुलाई 1963 से चली गई है वह अब पुनः श्री चुंग ते फांग के अधिकार में चली जायगी ।

डी० एन० बनर्जी, संयुक्त सचिव

इस्पात और खान मंत्रालय

संकल्प

नई दिल्ली, दिनांक 13 मई 1965

सं० 7(1)मेट/63—भारत धातु निगम (लि०), कलकत्ता से उत्पाद जस्ते की कीमत के पुनरीक्षण के लिये, जिसकी घोषणा कि गत वाणिज्य तथा उद्योग मंत्रालय के संकल्प सं० 15(15)मेट/58 दिनांक 5 दिसम्बर 1959 जिसका संशोधन मंत्रालय के संकल्प सं० 15(1)मेट/60, दिनांक 22 अप्रैल 1961 और सं० 7(1) मेट/62, दि० 19 जून 1962 और अधिसूचना सं० 7(1)मेट/63, दि० 22 अप्रैल 1963 द्वारा की गई थी; एक प्रतिवेदन प्राप्त होने पर भारत सरकार ने निर्णय किया है कि धातु निगम द्वारा उत्पाद किये हुए जस्ते का कलकत्ता बाह्य उचित विक्रय मूल्य 1 अप्रैल 1964 से और आगे आदेश होने तक 1589 रु० प्रति मीटरी टन होगा ।

भारत धातु निगम, मेसर्स टाटा लोहा तथा इस्पात कम्पनी तथा मेसर्स भारत लोहा तथा इस्पात कम्पनी से प्रार्थना की जाती है कि वे उचित कार्रवाई के लिये उपर्युक्त पुनरीक्षण का ध्यान रखें ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि संकल्प की एक प्रति सब सम्बद्धों को भेजी जाय और भारत राज पत्र में प्रकाशित की जाय ।

आर० एन० वासुदेव, संयुक्त सचिव

उद्योग तथा सम्भरण मंत्रालय

(उद्योग विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 11 मई 1965

संशोधन

सं० ई० ई० आई०-6(28)/64—उद्योग तथा संभरण मंत्रालय (भारी इंजीनियरिंग विभाग) के संकल्प संख्या ई० ई० आई०-6(28)/64, तारीख 24 दिसम्बर 1964 के सन्दर्भ में जिसमें विभिन्न ढलाईघरों की कच्चे लोहे की आवश्यकताओं का अध्ययन करने के लिये एक नामिका गठित की गई थी ।

2. संकल्प के पैरा 3 "नामिका में निम्नलिखित व्यक्ति होंगे" के अन्तर्गत निम्नलिखित संशोधन किये जायेंगे :

क्रम संख्या (4) के सामने यह रख दिया जाये :

श्री के० सी० खन्ना, अधीक्षक, धमन भट्टी, दुर्गापुर इस्पात कारखाना, दुर्गापुर ।

क्रम संख्या (5) के पश्चात् जोड़िये :

(6) श्री पी० आर० नायर,
लोहा तथा इस्पात उप-नियंत्रक, कलकत्ता ।
विद्यमान क्रम संख्या (6) की पुनर्गणना करके क्रम संख्या (7) हो जायेगी ।

3. निश्चय किया गया है कि नामिका भारत सरकार को अपना प्रतिवेदन 30 अप्रैल, 1965 के बदले 31 अगस्त 1965 को प्रस्तुत करेगी ।

के० एन० शिनाय, उप-सचिव

खाद्य और कृषि मंत्रालय

(कृषि विभाग)

(भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद्)

नई दिल्ली, दिनांक 17 मई 1965

सं० 10-3/65-काम० II—भारत सरकार के भूतपूर्व कृषि मंत्रालय के संस्ताव संख्या एफ० 43-11/48-काम, दिनांक 21 मई 1949 (जिसे समय-समय पर संशोधित किया गया) की धारा 3(i) के द्वारा दिये गये अधिकार का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार ने डा० बी० पी० पाल, महा-निदेशक और उप-प्रधान, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, को 10 मई 1965 (पूर्वाह्न) से डा० एम० एस० रन्धावा के स्थान पर, भारतीय केन्द्रीय सुपारी समिति के प्रधान के रूप में मनोनीत किया है।

आर० के० राम, अवर सचिव

श्रम और रोजगार मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 14 मई 1965

सं० 55(23)/63-श्र० सं० 4—राष्ट्रीय औद्योगिक अधिकरण (बैंक विवाद), बम्बई के अधिनिर्णय के उन उपबन्धों का, जो शास्त्री अधिनिर्णय के क्षेत्र 4 के कर्मचारियों लेखे में बैंकों के लिए मंजूर किये जाने वाले अनुतोष से सम्बद्ध हैं, ठीक-ठीक निर्वचन चाहने के लिये भारत सरकार के श्रम तथा रोजगार मंत्रालय के सं० का० आ० 483, तारीख 3 फरवरी 1964 के आदेश द्वारा औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 36क के अधीन औद्योगिक अधिकरण बम्बई को निर्दिष्ट किये गये मामले में उसका निम्नलिखित विनिश्चय एतद्द्वारा सर्वसाधारण की जानकारी के लिये प्रकाशित किया जाता है।

ओ० पी० तलवाड़, अवर सचिव

केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण, बम्बई के समक्ष निर्देश संख्या केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण 1964 का 23

कुछ बैंककारी कम्पनियों और कारपोरेशनों के सम्बन्ध में नियोजक

और

उनके कर्मकार

उपस्थित

श्री सलीम एम० मर्चेन्ट

पीठासीन आफिसर

उपसंजाति

बैंकों की ओर से—मेसर्स क्राफोर्डबेली एण्ड कम्पनी सालिसीटर्स के सालीसीटर श्री आर० सेतलूर, लेबर सेक्रेटेरीयट आफ बैंक्स इन इंडिया की ओर से श्री एन० आर० पंडित के साथ।

स्टेट बैंक आफ इण्डिया की ओर से—क्राफोर्ड बेली एण्ड कम्पनी के सालिसीटर श्री आर० सेतलूर, स्टेट बैंक आफ इंडिया के कर्मचारीवर्ग तथा विधि आफिसर श्री बैंकटाचारी के साथ।

स्टेट बैंक आफ इंडिया के कर्मकारों की ओर से—आल इंडिया स्टेट बैंक आफ इंडिया स्टाफ फैडरेशन की ओर से श्री एच० के० सोवानी, अधिवक्ता।

बैंकों के कर्मकारों की ओर से—आल इंडिया बैंक एम्प्लायीज एसोसियेशन की ओर से उप-प्रधान श्री के० के० मंडल, केन्द्रीय समिति के सदस्य श्री वी० एम० चिटणिस के साथ।

आल इंडिया बैंक एम्प्लायीज फैडरेशन की ओर से

प्रधान श्री सी० एल० दूधिया

महासचिव श्री वी० एन० सेखरी के साथ।

आल इंडिया बैंक एम्प्लायीज फैडरेशन, कानपुर के महासचिव श्री एम० आर० सूद,

पंजाब प्रदेश बैंक वर्कर्स फैडरेशन, करनाल के प्रधान श्री एन० के० समर,

आल इंडिया बैंक आफ बड़ौदा एम्प्लायीज फैडरेशन के महा-सचिव श्री एम० राजगोपाल।

उद्योग : बैंककारी राज्य : समस्त भारत

मुम्बई, तारीख 31 मार्च 1965

विनिश्चय

केन्द्रीय सरकार ने औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का अधिनियम 14) की धारा 36क द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्रम और रोजगार मंत्रालय के आदेश सं० 55(23)/63-श्र० सं० 4, तारीख 3-फरवरी 1964 द्वारा, मुझे कुछ ऐसी कठिनाइयां विनिश्चय के लिये निर्दिष्ट की थीं जो भारत के राजपत्र-असाधारण के भाग 2, खण्ड 3, उपखण्ड (ii) तारीख 29 जून 1962 में का० आ० सं० 2028 तारीख 13 जून 1962 सहित प्रकाशित राष्ट्रीय औद्योगिक अधिकरण (बैंक विवाद), बम्बई के अधिनिर्णय से उद्भूत होने वाले उस प्रश्न के बारे में जो कि उक्त आदेश की निम्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट है, निर्वचन के सम्बन्ध में उसकी राय में उद्भूत हुई हैं :—

अनुसूची

"क्या भारत के राजपत्र असाधारण के भाग 2, खण्ड 3, उपखण्ड (ii) तारीख 29 जून, 1962 में का० आ० सं० 2028, तारीख 13 जून 1962 सहित प्रकाशित राष्ट्रीय औद्योगिक अधिकरण (बैंक विवाद) के अधिनिर्णय के पैराग्राफ 5.362 में बैंकों के लिए उन कर्मकारों की उपलब्धियों लेखे जो कि शास्त्री अधिनिर्णय (यथा उपान्तरित) के अधीन क्षेत्र 4 के अन्तर्गत आने वाले स्थानों पर नियोजित थे, मंजूर किया गया अनुतोष उन क्षेत्रों में नियोजित कर्मकारों लेखे भी प्राप्य होगा जहां की जनसंख्या 1961 की जनगणना के अनुसार, 30,000 से अधिक है"

2. पक्षकारों द्वारा अपने-अपने लिखित कथन फाइल कर दिये जाने के पश्चात् निर्देश सुनवाई के लिये लिया गया और बहस 22-12-1964 को समाप्त हुई।

3. मैं आरंभ में ही कह देना चाहता हूं कि इस निर्देश का अब केवल भूतलक्षी महत्व रह गया है क्योंकि विवादग्रस्त क्षेत्र 4 मुख्य श्रमायुक्त द्वारा नई दिल्ली में किये गये त्रिपक्षीय सम्मेलन में हुए तारीख 18-8-1964 वाले करार के अधीन 1-9-1964 से क और ख वर्ग के बैंकों के बारे में विद्यमान नहीं रहा और ग वर्ग के बैंकों के लिये क्षेत्र 4, तारीख 20-8-1964 वाले एक अन्य त्रिपक्षीय करार के अधीन 1-1-1965 से विद्यमान नहीं रहा है। अतः इस निर्देश का सम्बन्ध अब केवल भूतकाल से रह गया है और राष्ट्रीय औद्योगिक अधिकरण (बैंक विवाद) के अधिनिर्णय (जिसे एतस्मिन् पश्चात् 'देसाई अधिनिर्णय' के रूप में निर्दिष्ट किया गया है) के पैराग्राफ 5.362 में अन्तर्विष्ट निर्देशों का जैसा कुछ भी निर्वचन किया जाता है उसका कोई भावी या आवर्ती प्रभाव नहीं होगा। दूसरे शब्दों में, इस निर्देश के विनिश्चय का प्रभाव, क और ख वर्ग के बैंकों की दशा में 31-8-1964 तक और ग वर्ग के बैंकों के बारे में 31-12-1964 तक सीमित रहेगा।

4. देसाई अधिनिर्णय के पैरा 5.362 के उपबन्धों पर विचार करने में, यह कथन करना आवश्यक है कि अखिल भारतीय औद्योगिक अधिकरण (बैंक विवाद) बम्बई का अधिनिर्णय (जो अधिकरण के सभापति के नाम पर जनसाधारण में शास्त्री अधिनिर्णय के रूप में

ज्ञात है) भारत के श्रम अपीलीय अधिकरण तथा औद्योगिक विवाद (बैंककारी कम्पनी) विनिश्चय अधिनियम, 1955 (1955 का अधिनियम 41) द्वारा उपान्तरित रूप में, देसाई अधिनिर्णय का प्रवर्तन होने तक, बैंककारी उद्योग में प्रवृत्त था।

5. (यथा उपान्तरित) शास्त्री अधिनिर्णय ने क्षेत्रों को मजूरी नियतन के प्रयोजन के लिये निम्नानुसार चार क्षेत्रों में वर्गीकृत किया था :—

वर्ग 1 क्षेत्र	कलकत्ता, बम्बई, मद्रास, दिल्ली और अहमदाबाद शहर यथा शास्त्री अधिनिर्णय के पैराग्राफ 79 में परिभाषित।
वर्ग 2 क्षेत्र	सभी नगर और शहर जो वर्ग 1 क्षेत्र के अन्तर्गत से भिन्न हों जिनकी जनसंख्या 1951 की जनगणना रिपोर्ट के अनुसार एक लाख या अधिक है।
वर्ग 3 क्षेत्र	सब नगर और शहर जो वर्ग 1 और वर्ग 2 क्षेत्रों के अन्तर्गत नहीं हैं और जिनमें से हर एक की जनसंख्या 1951 की जनगणना रिपोर्ट के अनुसार तीस हजार से अधिक है।
वर्ग 4 क्षेत्र	वे सब स्थान जो पहिले से ही वर्ग 1, वर्ग 2 और वर्ग 3 क्षेत्रों के अन्तर्गत नहीं है।

6. इस बात की ओर ध्यान दिया जाये कि वर्ग 4 क्षेत्र का समावेश भारत सरकार के उपान्तरण आदेश द्वारा किया गया था और उसे 1955 के अधिनियम 41 के अधीन वैधीकृत बैंक अधिनिर्णय आयोग की सिफारिशों द्वारा ठीक ठहराया गया था। यूनियनों की ओर से केस यह है कि कर्मकार क्षेत्र 4 के सृजन से असन्तुष्ट थे और उसके उत्सादन के लिये आन्दोलन कर रहे थे, और यह प्रश्न देसाई अधिकरण के समक्ष क्षेत्रों के वर्गीकरण के रूप में विचारार्थ आया था। देसाई अधिकरण ने क्षेत्रों के वर्गीकरण की बात को अपने अधिनिर्णय के 4.130 से 4.190 तक के पैराग्राफों द्वारा संव्यवहृत किया और जहां तक क्रमशः वाणिज्यिक बैंकों, स्टेट बैंक आफ इंडिया और स्टेट बैंक आफ इंडिया के अनुषंगियों का सम्बन्ध था, उसने पैराग्राफ 4.177, 4.180 और 4.183 में दिये गये निदेशों के अधीन क्षेत्र 4 का उत्सादन कर दिया।

7. देसाई अधिकरण ने अपने अधिनिर्णय के पैराग्राफ 4.184 में टिप्पणी की कि यथा उपान्तरित शास्त्री अधिनिर्णय के अधीन क, ख और ग वर्ग के बैंकों द्वारा क्षेत्र 3 में और क्षेत्र 4 में के लिपिकीय कर्मचारीवृन्द और अधीनस्थ कर्मचारीवृन्द के सदस्यों को देय कुल पारिश्रमिक में बहुत अधिक अन्तर है। इसके पश्चात् उसने आगे यह अवलोकन किया कि यदि क्षेत्र 3 के सम्बन्ध में उसके अधिनिर्णय के अधीन देय कुल पारिश्रमिक पर विचार किया जाये तो यह अन्तर और भी बढ़ जायेगा। तत्पश्चात् अधिकरण ने आगे यह अवलोकन किया कि :—

"यदि क्षेत्र 4 का उत्सादन तुरन्त कर दिया जाये तो क्षेत्र 4 में इस समय नियोजित कर्मकारों के कुल पारिश्रमिक में सहसा अयुक्तियुक्त वृद्धि हो जायेगी। वांछनीय यह है कि परिवर्तन धीरे-धीरे हो। यह अपर वांछनीय है कि इस बात को ध्यान में रखते हुये कि क्या किसी बैंक ने शाखा मेरे अधिनिर्णय के पश्चात् या मेरे अधिनिर्णय के प्रवृत्त होने के पहिले खोली है एक ही स्थान में कर्मकारों को देय कुल पारिश्रमिक में अन्तर नहीं होना चाहिए। तदनुसार मैं एक अल्प अन्तर्कालीन कालावधि के लिए उपबन्ध कर रहा हूं जिसके दौरान क्षेत्र 4 में क्रमिक रूप से उच्चतर मजूरियां तब तक दी जाएंगी जब तक कि वे क्षेत्र 3 में दी जाने वाली मजूरियों के स्तर तक नहीं आ जाती और क्षेत्र 4 अस्तित्व में नहीं रहता।

8. किन्तु देसाई अधिकरण ने क्षेत्र 1, 2 और 3 को अपने अधिनिर्णय के पैराग्राफ 4.189 और 4.190 में दिये गये निम्नलिखित निदेशों के अधीन जारी रखा :—

"4.189 इस अधिनिर्णय के अधीन—(I) क्षेत्र 1 में (1) वृहत्तर बम्बई सहित बम्बई शहर, (2) हावड़ा, बैरकपुर, बिहाला, अलीपुर, कोसीपुर, गार्डन रीच, बारंगोर टौलीगंज, दक्षिणी नगरोपान्तीय नगरपालीय क्षेत्र और डम डम सहित कलकत्ता शहर, (3) नई और पुरानी दिल्ली तथा दिल्ली शाहदरा सहित दिल्ली शहर, (4) मद्रास शहर, (5) अहमदाबाद शहर, (6) हैदराबाद शहर जिसमें हैदराबाद नगरपालीय निगम की सीमाओं के अन्तर्गत वाले क्षेत्र सिकन्दराबाद, सिकन्दराबाद छावनी तथा विश्वविद्यालय क्षेत्र, मल्का जागिर, अलवल, जामिस्तापुर, अट्टापुर, फतेहनगर, बोवनपल्ली ललागुडा, कंडीकल और मचोवेलीरम के बहिवर्ती नगर यूनिट समाविष्ट हैं, (7) बंगलौर जिसमें बंगलौर कारपोरेशन सीमाओं के अन्तर्गत वाले क्षेत्र और बंगलौर सिटी इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट बोर्ड एक्ट के अधीन अधिसूचित क्षेत्र समाविष्ट हैं किन्तु ट्रस्ट बोर्ड क्षेत्र के अन्तर्गत स्थित उपनगर और उपबस्तियां अपवर्जित हैं, (8) कल्याण, (9) थाना, और (10) उत्तरपाड़ा तथा वे सभी स्थान समाविष्ट होंगे जिनकी जनसंख्या बारह लाख से अधिक हो।

(II) क्षेत्र 2 में उन शहरों से भिन्न जो क्षेत्र 1 के अन्तर्गत हैं, वे सभी शहर जिनकी जनसंख्या एक लाख या अधिक है तथा भिवन्डी, चन्द्रनगर, चण्डीगढ़, चिनसुरा, कोचीन, डोम्बिवली, फिरोजपुर, काकीनद, नासिक, पिम्परी, पाण्डीचेरी, रायपुर, शिलोंग, तिरुनेलवेली और तूतीकोरन समाविष्ट हैं।

(III) क्षेत्र 3 में वे सब स्थान समाविष्ट होंगे जो पहिले ही क्षेत्र 1 और 2 के अन्तर्गत नहीं हैं।

4.190 क्षेत्रों के वर्गीकरण के प्रयोजन के लिये अंतिम प्राप्य अखिल भारतीय जनगणना आंकड़ों को ही लेखे में लिया जाना चाहिये। ऐसा ही निदेश पहले के अधिकरणों द्वारा दिया गया था और मुझे भी यह श्रेयस्कर निदेश प्रतीत होता है। जब तक कि 1961 की जनगणना के जनसंख्या सम्बन्धी अंतिम आधिकारिक आंकड़े उपलब्ध नहीं हो जाते तब तक सरकारी तौर पर प्रकाशित अनन्तिम आंकड़ों को प्रयुक्त किया जाना चाहिए।"

9. क्षेत्र 4 के उत्सादन के परिणामस्वरूप देसाई अधिकरण ने बैंकों के लिए अपने अधिनिर्णय के पैराग्राफ 5.362 में अन्तर्विष्ट निदेशों के अनुसार अनुतोष मंजूर किया था। इस अनुतोष के लिये उपबन्ध करने का कारण यह था कि यदि अपवादित सूची के बैंकों से भिन्न बैंकों को कोई अनुतोष नहीं दिया जाता तो मूल वेतन और महंगाई भत्ते के संसंग में और कर्मकारों को अनुदत्त भविष्य निधि अंशदान तथा अन्य फायदों के संसंग में जो कि उनके मूल वेतन की रकम पर आश्रित हैं, भार में सहसा वृद्धि हो जाती जिसे वहन करने में बैंक असमर्थ होते। यथा उपान्तरित शास्त्री अधिनिर्णय के अधीन क्षेत्र 4 में सेवा के प्रथम वर्ष में देय कुल उपलब्धियों को और देसाई अधिनिर्णय के अधीन क्षेत्र 3 में सेवा के प्रथम वर्ष में देय कुल उपलब्धियों को सारणीबद्ध रूप में उपवर्णित करने के पश्चात् उस दशा में जिसमें कि बैंकों के लिए कोई अनुतोष मंजूर न किया जाता, देसाई अधिकरण ने अवलोकित किया।

"उपलब्धियों के दोनों सेटों के बीच भारी अन्तर को देखते हुए मैं यह समझता हूं कि यह भार बैंकों पर यकायक नहीं पड़ना चाहिये किन्तु धीरे-धीरे पड़ना चाहिये जिससे कि बैंक नये वेतन मान और महंगाई भत्ते से अपना समायोजन कर सकें। तदनुसार मैं निदेश देता हूं कि उन सब कर्मकारों को, जो उस तारीख से अव्यवहित पूर्व जब कि यह अधिनिर्णय औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 की धारा 17क के उपबन्धों के अधीन प्रवर्तनीय होता है, यथा उपान्तरित शास्त्री अधिनिर्णय के अधीन क्षेत्र 4 को लागू वेतन

मानों के अनुसार मूल वेतन पाने के लिए हकदार थे, क्षेत्र 3 में लागू नये वेतन मानों में अपने जमा दिये जाने के पश्चात् मूल वेतन और महंगाई भत्ते के रूप में (I) 1 जनवरी 1962 से 1962 के वर्ष के अन्त तक उस रकम से जो कि एतद्द्वारा मंजूर किये गये अनुतोष के न दिये जाने पर उन्हें अन्यथा प्राप्त होती 20 प्रतिशत कम, (II) 1 जनवरी, 1963 से 1963 के वर्ष के अन्त तक उस रकम से जिसे प्राप्त करने के लिये वे तब उस दशा में हकदार होते जिसमें कि प्रारंभ (अर्थात् 1 जनवरी, 1962) से ही कोई अनुतोष मंजूर नहीं किया जाता, 15 प्रतिशत कम, (III) 1 जनवरी, 1964 से 1964 के वर्ष के अन्त तक उस रकम से जिसे प्राप्त करने के लिये वे तब उस दशा में हकदार होते जिसमें कि प्रारंभ (अर्थात् 1 जनवरी, 1962) से ही कोई अनुतोष मंजूर नहीं किया जाता, 10 प्रतिशत कम और (IV) 1 जनवरी, 1965 से 1965 के वर्ष के अन्त तक उस रकम से जिसे प्राप्त करने के लिये वे तब उस दशा में हकदार होते जिसमें कि प्रारंभ (अर्थात् 1 जनवरी, 1962) से ही कोई अनुतोष मंजूर नहीं किया जाता, 5 प्रतिशत कम, दिया जाना चाहिए। 1 जनवरी, 1966 से और उसके पश्चात् उन्हें वही रकम प्राप्त होगी जो एतद्द्वारा मंजूर किये गये अनुतोषों के न दिये जाने पर उन्हें अन्यथा प्राप्त होती। पूर्वोक्त रूप में उपबंधित अनुतोष उन कर्मकारों लेखे भी उपलब्ध होंगे जिनको कि यथा उपान्तरित शास्त्री अधिनिर्णय के उपबन्ध लागू नहीं होते हैं और जो उस तारीख से अव्यवहित पहिले जब यह अधिनिर्णय प्रवर्तनीय होता है क्षेत्र 4 के अन्तर्गत स्थानों में नियोजित थे। एतस्मिन् अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुये भी यह है कि किसी ऐसे कर्मकार को मूल वेतन और महंगाई भत्ते को मिलाकर बनने वाली कुल उपलब्धियों के रूप में उस रकम से न्यूनतर रकम नहीं दी जायेगी जो कि उसे उस दशा में प्राप्त होती जिसमें यह अधिनिर्णय उस पर लागू न किया गया होता। ऐसे अन्तर की रकम उसे विशेष समायोजन भत्ते के रूप में तब तक दी जायेगी जब तक कि इस अधिनिर्णय के अधीन मूल वेतन और महंगाई भत्ते के रूप में वर्धित रकमें उसे देय हो जाने के कारण, वह पूर्णतया संविलीन नहीं हो जाती।"

10. आल इंडिया बैंक एम्प्लायीज फैडरेशन ने अपने लिखित कथन में निवेदित किया है कि देसाई अधिनिर्णय का परिपालन करते समय बैंकों ने अधिनिर्णय के उपबन्धों का अपनिर्वचन किया है और पूर्वकालिक क्षेत्र 4 के कर्मकारों को क्षेत्र 4 के उन स्थानों के कर्मकारों के समतुल्य माना है जिनकी जनसंख्या 1961 की जनगणना के अनुसार बढ़ गई है और बढ़ी हुई जनसंख्या के परिणामस्वरूप उन स्थानों का दरजा बढ़ाया जाना था। उसने यह तर्क किया है कि देसाई अधिनिर्णय के पैराग्राफ 5.362 में बैंकों के लिए मंजूर किया गया अनुतोष शास्त्री अधिनिर्णय के अधीन केवल उन क्षेत्रों में उपलब्ध किया जा सकता है जहां की जनसंख्या 1961 की जनगणना के पूर्व और उसके पश्चात् तीस हजार से नीचे थी। दूसरे शब्दों में, उसने आग्रह किया है कि बैंक, देसाई अधिनिर्णय के पैराग्राफ 5.362 में उपबंधित अनुतोष के लिए दावा, उन वर्ग 4 क्षेत्रों में नियोजित कर्मकारों लेखे नहीं कर सकते जिनकी जनसंख्या 1961 की जनगणना के अनुसार 30,000 से अधिक हो गई है। उसने आग्रह किया है कि इन क्षेत्रों को अधिनिर्णय के पैरा 5.362 द्वारा मंजूर किये गये अनुतोष के प्रयोजन के लिये क्षेत्र 4 के रूप में मानने में कोई औचित्य नहीं है क्योंकि जनसंख्या में वृद्धि के परिणामस्वरूप, ऐसे क्षेत्रों का दरजा प्रसामान्य अनुक्रम में, बढ़ाया जा कर क्षेत्र 3 किया जाना था और ऐसे क्षेत्रों के कर्मकार अपनी उपलब्धियों का समायोजन क्षेत्र 3 के मानों के अनुसार कराने के लिये वैधरूपेण हकदार थे। इसने अन्त में यह आग्रह किया है कि बैंकों का इसके विपरीत मत और निर्वचन अन्यायानुमत और भेद मूलक ही नहीं अपितु अवैध और देसाई अधिनिर्णय तथा उपान्तरित शास्त्री अधिनिर्णय के उपबन्धों और भावना के विरुद्ध है। अतः इसने प्रार्थना की है अधिकरण को निदेश देना चाहिये कि बैंक, क्षेत्र 4 में जहां की जनसंख्या 1961 की जनगणना के अनुसार 30,000 से अधिक है नियोजित कर्मकारों लेखे उस अनुतोष के लिये हकदार नहीं है जो देसाई अधिनिर्णय के पैरा 5.362 द्वारा मंजूर किया गया है।

11. आल इंडिया स्टेट बैंक आफ इंडिया स्टाफ फैडरेशन ने, देसाई अधिनिर्णय के विभिन्न सुसंगत पैरों के प्रति निर्देश करने के पश्चात् जिनके प्रति निर्देश मेरे द्वारा पहले ही किया जा चुका है, अपने लिखित कथन में बताया है कि कठिनाई इस सम्बन्ध में है कि क्या वह अनुतोष जो बैंकों के लिए देसाई अधिनिर्णय के पैरा 5.362 के अधीन मंजूर किया गया है, उन्हें शास्त्री अधिनिर्णय के अधीन क्षेत्र 4 में भी मिलेगा जिसकी जनसंख्या जैसी कि वह 1961 की जनगणना के अनुसार है, 30,000 से ऊपर चली गई है। उसने यह बात जोर देकर कही है कि देसाई अधिनिर्णय के निदेशों के अतिरिक्त जिस बात पर विचार करना आवश्यक है वह यह है कि यथा उपान्तरित शास्त्री अधिनिर्णय के अधीन भी क्षेत्र 4 में नियोजित कर्मचारियों की स्थिति तब क्या हुई होती जब कि 1961 की जनगणना के अनुसार उसकी जनसंख्या 30,000 से अधिक होती। बहस करते हुए कहा गया है कि सरकार के उपान्तरण आदेश ने जब यह विहित किया कि 30,000 या उससे कम जनसंख्या वाले क्षेत्र कोटि 4 के अन्तर्गत होने चाहिये तो उसका अर्थ यह नहीं था कि यदि किसी नगर विशेष का वर्गीकरण क्षेत्र 4 में किया गया था तो वह सदा क्षेत्र 4 में ही रहेगा और इस बात की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जायेगा कि उसकी जनसंख्या 30,000 से अधिक हो गई है। दूसरे शब्दों में उसका आशय यह कभी नहीं था कि जिस नगर का वर्गीकरण यथा संशोधित शास्त्री अधिनिर्णय के अधीन क्षेत्र 4 में कर दिया गया था वह सदा उसी क्षेत्र में बना रहेगा। उसका कहना है कि शास्त्री अधिनिर्णय के अधीन भी वह नगर स्वतः ऊपर वाले ग्रेड में चला जायेगा जिसकी जनसंख्या 30,000 से बढ़ जाती है और यह कि देसाई अधिनिर्णय के अधीन भी शास्त्री अधिनिर्णय के क्षेत्र 4 का वह नगर, जिसकी जनसंख्या 1961 वाली जनगणना के अधीन 30,000 या उससे अधिक थी, अपने आप ही कोटि 4 में नहीं रहेगा और जो भी अनुतोष बैंक के लिए उसके ऐसे क्षेत्र 4 वाले कर्मचारियों लेखे मंजूर किये गये थे वे ऐसे नगर के बारे में उसे लागू नहीं होंगे क्योंकि ऐसे अनुतोष केवल उस क्षेत्र को लागू होने थे जिसकी जनसंख्या 30,000 से कम हो। उसका कहना है कि पैरा 4.190 में देसाई अधिनिर्णय द्वारा स्पष्ट शब्दों में यह निदेशित किया गया था कि क्षेत्रों के वर्गीकरण के प्रयोजन के लिए केवल नवीनतम उपलब्ध अखिल भारतीय आंकड़ों पर ही विचार किया जाना चाहिये। चूंकि 1961 की जनगणना के आंकड़े नवीनतम उपलब्ध आंकड़े हैं इसलिए केवल उन्हीं पर विचार किया जाना चाहिये। उसका कहना है कि इस का केवल एक ही परिणाम निकाला जा सकता है और वह यह है कि पैरा 5.362 के अधीन बैंकों के लिए मंजूर किये गये अनुतोष उन्हें उन कर्मकारों लेखे नहीं मिलेंगे जो ऐसे क्षेत्रों में नियोजित हैं जिनकी जनसंख्या 1961 की जनगणना के अनुसार 30,000 से अधिक है। उसका कथन है कि स्टेट बैंक आफ इंडिया ने दिल्ली सर्किल के नगरों के बारे में जिनकी जनसंख्या 1951 की जनगणना के अनुसार 30,000 से कम थी और जिनकी संख्या 1961 की जनगणना के अनुसार 30,000 से बढ़ गयी थी उसी निर्वचन का प्रयोग किया है और इस संघ ने अपने लिखित कथन के पैरा 12 में दिल्ली सर्किल के ऐसे 12 नगरों के नाम दिये हैं।

12. आल इंडिया बैंक एम्प्लायीज एसोसियेशन ने (जिसे एतस्मिन् पश्चात् "एसोसियेशन" को रूप में निर्दिष्ट किया गया है) अपने लिखित कथन में सेन अधिकरण के समय से इस विवाद की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि का विस्तृत विवेचन किया है। उसने देसाई अधिनिर्णय के अनेक निदेश भी उद्धृत किये हैं जिनके प्रति निर्देश इससे पहले किया जा चुका है। उसने कहा है कि पैरा 5.362 के अधीन देसाई अधिकरण ने तत्काल ही क्षेत्र 4 का अन्त नहीं किया वरन् बैंकों के लिए अनुतोष मंजूर किया जिससे क्षेत्र 4 के उत्सादन का भार उन पर अकस्मात् न आ पड़े और बैंक वेतन और महंगाई भत्ते के नये अधिनिर्णीत मानों के साथ अपना समायोजन कर सकें। उसने

देसाई अधिनिर्णय के पैरा 5.362 में उन बैंकों से सम्बन्ध उपबन्ध का विनिर्दिष्ट रूप से निर्देश किया है जो कि शास्त्री अधिनिर्णय से शासित नहीं थे और उसमें अन्तर्विष्ट निम्नलिखित टिप्पणी उद्धृत की है :—

"यथा पूर्वोक्त उपबंधित अनुतोष उन कर्मकारों लेखे भी उपलभ्य थे जिनको यथा उपान्तरित शास्त्री अधिनिर्णय के उपबन्ध लागू नहीं थे और जो उस तारीख के ठीक पहले जब कि यह अधिनिर्णय प्रवृत्त हुआ क्षेत्र 4 के अन्दर पड़ने वाले स्थानों में नियोजित थे।"

एसोसियेशन ने (1) लिपिक और अधीनस्थ कर्मचारीवर्ग के लिए वार्षिक वेतन-वृद्धियों का अनुदान (पैरा 5.187 और 5.188 देखिए), (2) भविष्य निधि अंशदान (पैरा 7.24), (3) अतिकाल भत्ते का संदाय (पैरा 10.46), (4) क्षेत्र में विभिन्न कर्मचारियों के समायोजन (पैरा 5.351) की बाबत देसाई अधिनिर्णय के निदेशों के प्रति निर्देश अपने इस तर्क के समर्थन में किया कि देसाई अधिनिर्णय में यह परिकल्पित था कि कुछ क्षेत्र, मूलतः शास्त्री अधिनिर्णय के अधीन, जनसंख्या में वृद्धि के कारण ऊपर वाले ग्रेड में चले जायेंगे जिसका आधार शास्त्री अधिनिर्णय के अधीन 1951 वाली जनगणना और देसाई अधिनिर्णय के अधीन 1961 वाली जनगणना थी। और एसोसियेशन के अनुसार ये उपबन्ध, देसाई अधिनिर्णय के पैरा 19.13 (1) के अधीन 1-1-1962 से प्रवृत्त हो गये।

13. यहां पर मैं यह बताना चाहता हूं कि एसोसियेशन के उपाध्यक्ष श्री के० के० मण्डल ने सुनवाई के समय यह भी कहा कि पैरा 5.362 के अधीन बैंकों के लिए मंजूर किये गये अनुतोष के प्रयोजनों के लिए देसाई अधिनिर्णय के उन उपबन्धों पर विचार नहीं किया गया था जो वेतन वृद्धियों, भविष्य निधि अंशदानों, विशेष भत्तों और अतिकाल संदायों के बारे में थे।

14. और आगे एसोसियेशन ने, नगर की जनसंख्या पर विचार करने के प्रयोजन के लिए, अपने लिखित कथन में देसाई अधिनिर्णय के पैरा 6.27 के प्रति निर्देश किया है और पैरा 18 में कहा है कि देसाई अधिकरण को इस बात का भलीभांति ज्ञान था कि अंतिम और अनन्तिम रूप से तैयार जनसंख्या आंकड़ों में अन्तर हो सकता है और इसलिए कार्यकारी निधियों के आधार पर भविष्य में ग्रेडों के ऊपर नीचे होने के प्रति निर्देश करने के पश्चात् उसने क्षेत्रों के वर्गीकरण के लिए अपने अधिनिर्णय के पैरा 5.360 में निम्नलिखित टिप्पणी की थी :—

"जब कोई स्थान तत्पश्चात् उच्चतर या निम्नतर क्षेत्र में चला जाता है तब वैसे ही उपबन्ध जैसे कि ऊपर नियत हैं यथा परिवर्तित रूप में लागू होंगे।"

एसोसियेशन ने अपने लिखित कथन के पैरा 19 में देसाई अधिनिर्णय की उस टिप्पणी की ओर विशेष रूप से ध्यान दिलाया है जो पैरा 4.147 में है और कहा है कि यह दर्शित करता है कि इंडियन बैंक एसोसियेशन ने देसाई अधिकरण के समक्ष इस मत का आश्रय लिया था कि भारत सरकार द्वारा तैयार की गई जनगणना रिपोर्ट ही केवल ऐसे वर्गीकरण का आधार होना चाहिए। उसने कहा है कि एक्सचेंज बैंक एसोसिएशन (देसाई अधिनिर्णय का पैरा 4.148 देखिए) और स्टेट बैंक आफ इंडिया और साथ ही उस के समनुषंगियों ने और नार्दर्न इंडिया बैंक एसोसियेशन (देसाई अधिनिर्णय के पैरा 4.149, 4.150 और 4.151 देखिए) ने भी देसाई अधिकरण के समक्ष ऐसे ही मत का आश्रय लिया था। जो तर्क एसोसियेशन पेश करना चाहता था वह यह था कि उस समय जब कि यह संघ क्षेत्रवार वर्गीकरण या जनसंख्या के आधार पर वर्गीकरण के विरुद्ध था, यह बैंक ही थे (अपनी विभिन्न एसोसिएशनों द्वारा) उन्होंने देसाई अधिकरण के समक्ष जनसंख्या के आधार पर वर्गीकरण के लिए जोर दिया था और यह कि देसाई अधिकरण ने बैंक की वह बात मान ली और क्षेत्रवार जनसंख्या के आधार पर वर्गीकरण के लिए निदेश दिये जैसा कि ऊपर दर्शित है।

15. एसोसिएशन ने अपने लिखित कथन के पैरा 23 में कहा है कि क्षेत्रों के वर्गीकरण के सम्बन्ध में देसाई अधिनिर्णय के परिपालन में बैंकों ने यह समझ रखा था कि शास्त्री अधिनिर्णय के अधीन क्षेत्र 4 में सब स्थान क्षेत्र 4 ही समझे जायेंगे जब कि इनमें से कुछ स्थान 1961 की जनगणना के आधार पर ऊपर वाले ग्रेड में पहुंच चुके थे। उसका कहना है कि ऐसे क्षेत्रों के बैंक कर्मचारी न केवल क्षेत्र 3 की मजूरी के फायदों से वंचित किये गए हैं वरन् उन्हें 1962 में 20 प्रतिशत कम, 1963 में 15 प्रतिशत कम और 1964 में 10 प्रतिशत कम मजूरी दी गई है। उस का यह भी कहना है कि बैंकों द्वारा अपनाये गये इस रवैय्ये में विरोधाभास भी है क्योंकि उन बैंकों ने जो शास्त्री अधिनिर्णय से शासित नहीं थे क्षेत्रों का वर्गीकरण 1961 की जनगणना के अनुसार किया है जबकि अन्य बैंकों ने 1951 की जनगणना के अनुसार वर्गीकरण जारी रखा है। उसने कहा है कि कुछ क्षेत्र ऐसे हैं जिन का वर्गीकरण कुछ बैंकों द्वारा वर्ग 3 क्षेत्रों के रूप में किया गया है जबकि कुछ अन्य बैंकों ने उन्हीं क्षेत्रों का वर्गीकरण वर्ग 4 क्षेत्रों के रूप में किया है।

16. ऐसोसियेशन ने दावे के अपने लिखित कथन के पैरा 24 में बताया है कि 31-12-1961 को, अर्थात् उस तारीख से ठीक पहले वाली तारीख को जब कि देसाई अधिनिर्णय भूतलक्षी प्रभाव से प्रवृत्त हुआ, 30,000 और उस से कम जनसंख्या वाले क्षेत्र पैरा 5.362 के अधीन अनुतोष का लाभ उठाने के प्रयोजन के लिए क्षेत्र 4 के रूप में माने जाने वाले थे और ऐसे कोटिकरण के अभाव में वे स्वतः देसाई अधिनिर्णय के अधीन होंगे। इसलिए, उस का कहना है कि इसका परिणाम यह निकलता है कि 30,000 से अधिक जनसंख्या वाला क्षेत्र धारा 5.362 के उपबन्धों के प्रवर्तन से अपवर्जित रहेगा।

17. एसोसियेशन का कहना है कि जनसंख्या अभिनिश्चित करने का देसाई अधिनिर्णय के पैरा 4.190 और 6.27 द्वारा यथाविहित आधार 1961 की जनगणना था और पैरा 5.362 का इस प्रकार लगाया गया कोई अर्थ जिस से 1951 की जनगणना के आंकड़ों को आधार समझा जाये देसाई अधिनिर्णय के सारभूत निदेशों को बातिल कर देगा।

18. एसोसियेशन ने यह भी कहा है कि सब क्षेत्रों पर 1961 वाली जनगणना को लागू करने में यह परिकल्पित है कि वे 1951 की जनगणना के अधीन पूर्ववर्ती कोटिकरण से उठकर क्षेत्र 1 या क्षेत्र 2 या क्षेत्र 3 के उच्चतर ग्रेडों में चले जायेंगे। उसने बताया है कि 1951 की जनगणना के अधीन कुछ पूर्ववर्ती क्षेत्र 3 स्थान ऐसे थे जिनको 1961 की जनगणना के आधार पर क्षेत्र 2 वाले ग्रेड में किया जाना चाहिए था और यह कि 1951 की जनगणना के अधीन क्षेत्र 4 उस दशा में आवश्यक रूप से क्षेत्र 3 वाले उच्चतर ग्रेड में पहुंच जायेगा जिस में 1961 की जनगणना के अधीन उसकी जनसंख्या 30,000 से बढ़ गई हो। उसने कहा है कि अन्यथा रूप से तर्क करने पर बैंकों को दोहरा अनुतोष मिल जायेगा जो अधिकरण का आशय कभी भी नहीं था। दूसरे शब्दों में उसका कहना है कि यदि 1951 की जनगणना के आंकड़ों के अधीन कोई क्षेत्र 4 देसाई अधिकरण द्वारा अपनाये गये 1961 के आधार पर बढ़ाकर क्षेत्र 3 वाले ग्रेड में कर दिया जाता है तो उन क्षेत्रों के कर्मचारी क्षेत्र 3 की मजूरी के हकदार 1-1-1962 से अर्थात् उस तारीख से हो जायेंगे जब से कि देसाई अधिनिर्णय के अधीन वेतनमान, विशेष भत्ते और महंगाई भत्ते अधिनिर्णय के पैरा 5.347 और 19.13 के अधीन प्रवृत्त हुए। एसोसियेशन ने कहा है कि कुछ बैंकों ने यह तर्क स्वीकार कर लिया है किन्तु 1-1-1962 से भूतलक्षी प्रभाव के लिए कर्मकारों का दावा अभी तक विद्यमान है। एसोसियेशन ने कहा है कि देसाई अधिनिर्णय के पैरा 5.362 के अधीन बैंकों के लिए मंजूर किया गया अनुतोष उस वेतन लेखे था जैसा कि वह 1-1-1962 को था न कि भावी वेतनवृद्धियों या भविष्य में होने वाली महंगाई भत्ते में बढ़ोत्तरी लेखे और यह कि देसाई अधिनिर्णय

के पैरा 5.362 के नीचे दी गई सारणी उस के तर्क का प्रमाण है। उस का कहना है कि बैंकों ने वार्षिक वेतन वृद्धियों की दरें और साथ ही महंगाई भत्ते की वृद्धियां 1962, 1963 और 1964 में क्रमशः 20 प्रतिशत 15 प्रतिशत और 10 प्रतिशत के अनुपात में घटा दी हैं जो उसके कथनानुसार न्यायानुमत नहीं है क्योंकि पैरा 5.362 में विशेष भत्ते और उस पर आनुषंगिक महंगाई भत्ते लेखे अनुतोष के लिए कोई उपबन्ध नहीं है। एसोसियेशन ने कहा कि उसने 16 सितम्बर, 1963 वाले अपने पत्र के द्वारा वेतन-वृद्धियों, उन पर महंगाई भत्ते, अतिकाल संदायों और भविष्य निधि में अंशदान की मात्रा में कमी के विषयों में विवाद उठाया था किन्तु भारत सरकार ने केवल यही निर्देश किया जोकि इस जांच का विषय है और उसने 3 मार्च, 1964 वाले अपने पत्र (उपाबन्ध 'क') के द्वारा एसोसियेशन को परामर्श दिया था कि वेतन-वृद्धियों भविष्य निधि, अतिकाल आदि में कटौती की बाबत संघ की शिकायतों से सम्बद्ध विषय उस वाद पद के साथ संग्रथित हैं जिसका निर्देश स्पष्टीकरण के लिए इस अधिकरण को इस निर्देश के अधीन किया गया है। एसोसियेशन ने दावे के अपने लिखित कथन के पैरा 35 में वे निदेश कथित किये हैं जो इस निर्देश से दिये जाने चाहिये और उसने इस बात पर जोर दिया है कि 1962, 1963 और 1964 में क्रमशः 20 प्रतिशत, 15 प्रतिशत और 10 प्रतिशत की कटौती जो पैरा 5.362 में उपबन्धित है केवल मूल वेतन और महंगाई भत्ते को लागू होनी चाहिए और अन्य भत्तों को अर्थात् अतिकाल भत्ते, वेतन-वृद्धियों भविष्य निधि अंशदान आदि को लागू नहीं होनी चाहिये। इस लिए उसका कहना है कि अधिकरण द्वारा निर्देश का उत्तर यह निदेश दे कर दिया जाना चाहिए कि उन कर्मकारों की उपलब्धियों के बारे में, जो शास्त्री अधिनिर्णय (यथा उपान्तरित) के अधीन क्षेत्र 4 के अन्तर्गत आने वाले स्थानों में नियोजित थे, पैरा 5.362 द्वारा दिये गये अनुतोष उन क्षेत्रों में नियोजित कर्मकारों लेखे उपलब्ध नहीं होंगे जहां की जन-संख्या 1961 की जनगणना के अनुसार 30,000 से अधिक है।

19. मुझे अब, (1) स्टेट बैंक आफ इंडिया की ओर से और (2) साधारणतया बैंकों की ओर से भारत में बैंकों के श्रम सचिवालय द्वारा फाइल किये गये लिखित कथन पर ध्यान देना चाहिए।

20. स्टेट बैंक आफ इंडिया ने तारीख 15 जून 1964 वाले अपने लिखित कथन में कहा है कि किसी भी प्रकार के सन्देह या कठिनाई की गुंजाइश नहीं है और शास्त्री अधिनिर्णय के पैरा 5.362 के निर्देशों का सही और यथार्थ निर्वचन यह है कि अनुतोष बैंकों की उन शाखाओं और कार्यालयों के बारे में जो उस तारीख के ठीक पूर्व जिस को उक्त अधिनिर्णय प्रवृत्त हुआ, यथा उपान्तरित शास्त्री अधिनिर्णय के अधीन क्षेत्र 4 के रूप में वर्गीकृत थे अथवा ऐसे बैंकों के बारे में जो यथा उपान्तरित शास्त्री अधिनिर्णय द्वारा शासित नहीं थे और जो 1951 की जनगणना के अनुकूल 30,000 या कम जनसंख्या वाले स्थानों में थे, लागू होते हैं।

21. स्टेट बैंक आफ इंडिया ने आगे यह निवेदित किया है कि संघों द्वारा, पैरा 5.362 के उपबन्धों पर दिये गये निर्वचन ऐसी दो मूल उपधारणाओं से निकले हैं जो कि अननुमत और अधार्य थीं अर्थात् (i) कि यथा उपांतरित शास्त्री अधिनिर्णय ने यह उपबन्ध किया है कि क्षेत्र 4 के स्थान 1961 की जनगणना रिपोर्ट का विचार किये बिना स्वतः बढ़कर क्षेत्र 3 के स्थान बन जायेंगे, (ii) कि देसाई अधिकरण ने निदेश दिया था कि यथा उपांतरित शास्त्री अधिनिर्णय के अनुकूल क्षेत्रानुसार वर्गीकरण का विशेष रूप से क्षेत्र 4 का अवधारण करने में 1961 की जनगणना के आंकड़ों का ध्यान रखा जाना चाहिए था चाहे वह अनंतिम हों या अंतिम। स्टेट बैंक आफ इंडिया ने प्रथम उप-धारण के बारे में यह तर्क किया है कि यह पर्याप्त रूपेण स्पष्ट है कि यथा उपांतरित शास्त्री अधिनिर्णय के अधीन क्षेत्रानुसार वर्गीकरण अनन्यत 1951 की जनगणना आंकड़ों पर आधारित था और यथा उपांतरित शास्त्री अधिनिर्णय में किसी स्थान के बढ़ाने या कम करने का कोई निदेश नहीं है।

22. स्टेट बैंक आफ इंडिया ने द्वितीय उप-धारणा के बारे में यह कथन किया है कि यह स्पष्ट था कि देसाई अधिकरण ने यह निदेश दिया था कि केवल तीन क्षेत्र होने चाहिये। इसने यह अनुरोध किया है कि किसी भी प्रकार यह कल्पना नहीं की जा सकती कि देसाई अधिनिर्णय ने क्षेत्र 4 को परिभाषित किया था जोकि उसके अपने निदेशों के अनुकूल विद्यमान ही नहीं होना था, कि देसाई अधिनिर्णय ने जहाँ कहीं भी क्षेत्र 4 का उल्लेख किया इसका निदश 'यथा उपांतरित शास्त्री अधिनिर्णय के क्षेत्र 4' या 'पहले के क्षेत्र 4' के प्रति था।

